दबंग City
इंदौर
रविवार, 4 जनवरी 2015

76वीं कार्यशाला

ब्लैक रिबन इनीशिएटिव अभियान के तहत दिया प्रशिक्षण

साइबर सुरक्षा की तकनीक सीखी

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल द्वारा ब्लैक रिबन इनीशिएटिव अभियान के तहत शनिवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों को साइबर सुरक्षा के गुर बताए गए। स्कूल की यह 76वीं कार्यशाला थी। जो एसबीआई की माणिकबाग रोड स्थित प्रशिक्षण शाखा ज्ञानार्जन केंद्र में आयोजित की गई। इसमें 50 से ज्यादा बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

संस्था निदेशक वरुण कपूर ने साइबर स्पेस में हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुए उनके सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया। इस दौरान बैंकिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड व अन्य प्रलोभन देकर जो अपराध घटित हो रहे हैं, उनसे बचने के उपाय भी बताए गए। सोशल नेटवर्किंग का सुरक्षित उपयोग, पासवर्ड सुरक्षित रखने, साइबर स्टॉकिंग, बुलिंग आदि के बारे में भी सदस्यों को अवगत कराया गया। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों एवं कर्मियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी कपूर द्वारा दिए गए।

दूसरे सत्र में एसपी (पीआरटीएस) सुदीप गोयनका ने साइबर संबंधी टिप्स दिए। इस दौरान संस्थान की ओर से कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। कार्यशाला में स्टेट बैंक ज्ञानार्जन केंद्र के पीके बोस, असिस्टेंट जनरल मैनेजर (प्रशि.), रमेश रामनानी, मुख्य प्रबंधक (प्रशिक्षण), आनंद भावे (डिप्टी मैनेजर) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।